## संक्षिप्त

### फायरिंग के मामले में 9 गिरफ्तार

**जयपुर** । भट्टाबस्ती थाना पुलिस ने आपसी झगड़े में दो पक्षों के बीच फायरिंग के मामले में 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच-अधिकारी एसआई कमलेश ने बताया घटना 23 जनवरी की रात करीब 11 बजे की इलाके स्थित 62 क्वार्टर्स की है, जहां दो पक्षों में आपसी झगड़े के बाद फायरिंग की वारदात हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपित बिट्टू उर्फ़ चंद्रप्रकाश (25), जय सिंह (24), आशीष राजावत उर्फ़ आजू (22), मोहित उमरवाल (24), अजय (23), देवेंद्र सिंह उर्फ़ चिंटू (21), परवेज (20), विशाल तिवारी उर्फ़ एल्या उर्फ़ बिट्टू (23), तेजा उर्फ़ तेज सिंह (24) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित भट्टाबस्ती और शास्त्रीनगर इलाके के रहने वाले हैं।

### दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** । विधाधर नगर और बजाज नगर थाना पुलिस ने युवतियों से दुष्कर्म के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपित राशिद खान निवासी नाहरी का नाका को विधाधर नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जबकि बजाज नगर थाना पुलिस ने आरोपित नीलेश प्रताप सिंह निवासी निहालगंज, धौलपुर को गिरफ्तार किया है।

### स्मैक सप्लायर को जेल भेजा

**जयपुर** । मालपुरा गेट थाना पुलिस ने एक स्मैक सप्लायर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भिजवाया है। थानाधिकारी सतीश चंद चौधरी ने बताया गिरफ्तार आरोपित शीशराम चौधरी उर्फ़ राहुल (27) गोपी कॉलोनी, सांगानेर का रहने वाला है। मुखबिर की सूचना पर आरोपित शीशराम चौधरी रेल्वे स्टेशन रोड पर बाइक पर स्मैक बेचने की फ़िराक में गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से करीब 2 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।

### हथियार समेत बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । मालपुरा गेट थाना पुलिस ने वारदात की फ़िराक में घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सतीश चंद चौधरी ने बताया गिरफ्तार आरोपित दीपक उर्फ़ कोच्या (24) रामसिंहपूरा का रहने वाला है, जिसे वारदात की फ़िराक में गिरफ्तार कर धारधार चाकू बरामद किया गया है।

### सुबोध कॉलेज में एजुकेशन समिट

**जयपुर** । रामबाग स्थित एस.एस. जैन सुबोध पी. जी. महिला महाविद्यालय के सभागार में क्रिडेन्ट टी.वी.के सहयोग से एजुकेशन समिट का समापन किया गया। चार दिवसीय शिक्षा के इस महाकुम्भ में विभिन्न विषयों पर परिचर्चा की गई। अतिथियों ने छात्र जीवन को समृद्ध बनाने हेतु विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आये वक्ता अतिथियों में डॉ. शिव गौत्तम, दीपक महान, डॉ.महेंद्र मधुप, अंजन गोस्वामी, इकराम राजस्थानी व पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित हस्तियों ने चर्चा की।

# सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत जयपुर पहुंचे



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत जयपुर प्रांत के पांच दिवसीय प्रवास पर बुधवार रात जयपुर पहुंचे।

**जयपुर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत जयपुर प्रांत के पांच दिवसीय प्रवास पर बुधवार रात जयपुर पहुंचे और 29 जनवरी तक रहेंगे।

जयपुर प्रांत के प्रांत संघचालक महेन्द्र सिंह मग्गो ने बताया कि डॉक्टर भागवत 26 जनवरी को केशव विद्यापीठ जामडोली में विद्यालय के गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे और प्रात: ध्वाजारोहण करेंगे। इसी दिन दोपहर में संघ प्रमुख कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में कार्यकर्ता सपरिवार उपस्थित रहेंगे। 27 जनवरी को वे जयपुर के संघ कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। इसी प्रकार 28 व 29 जनवरी को भी संघ के विभिन्न स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठकों में शामिल होंगे।

इस दौरान संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर भी चर्चा करेंगे। बैठकों में समाज सशक्तिकरण की दिशा में चलने वाली गतिविधियों यथा कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता और पर्यावरण पर भी मंथन होगा।

उल्लेखनीय है कि सरसंघचालक का यह नियमित प्रवास है, जो दो वर्ष में एक बार प्रत्येक प्रांत में होता है। पिछले वर्ष चित्तौड़ प्रांत के उदयपुर में सरसंघचालक का प्रवास हुआ था। देशभर में संघ के 45 प्रांत है, इसी प्रकार राजस्थान क्षेत्र में जयपुर, चित्तौड़ और जोधपुर प्रांत है। प्रवास के क्रम में प्रांत को वर्ष में एक बार सरसंघचालक और दूसरी बार सरकार्यवाह का प्रवास मिलता है। इस दौरान समाज सशक्तिकरण की दिशा में चल रहे विभिन्न कार्यों पर चर्चा होगी।

## 'ट्रांसजेंडर संरक्षण नियम कब तक हो जाएंगे लागू'

**जयपुर, (का.सं.)**। राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि ट्रांसजेंडर संरक्षण नियम, 2020 को कब नोटिफाइड कर लागू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई एक माह के लिए टाल दी है। सीजे पंकज मित्थल और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश शालिनी श्योराण की जनहित याचिका पर दिए।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि ट्रांसजेंडर पर्सन (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) एक्ट, 2019 बनाया गया है। अधिनियम की धारा 22 में प्रावधान किया गया है कि एक्ट को लागू करने के लिए नियम बनाए जाएंगे।

इसके बावजूद अब तक नियम नहीं बनाए गए हैं। ऐसे में अधिनियम के प्रावधानों की पालना नहीं हो रही है। वहीं अतिरिक्त महाधिवक्ता सीएल सैनी ने कहा कि ट्रांसजेंडर पर्सन(प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) नियम, 2020 का ड्राफ्ट बना लिया गया है। इसे लागू करने से पहले ड्राफ्ट को राज्य सरकार को सुझाव के लिए भेजे गए हैं।

# आज से शुरू होगा कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान

■ केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ तैयार की गई चार्जशीट को घर-घर पहुंचाएगी कांग्रेस

**जयपुर, (का.प्र.)**। भारत जोड़ो यात्रा के फॉलोअप प्रोग्राम के रूप में 26 जनवरी से चलाए जाने वाले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के जरिए कांग्रेस देश के 6 लाख गांव, 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और 10 लाख मतदान बूथों में ब्लॉक अध्यक्षों और अन्य नेताओं की सहायता से केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ चार्जशीट बांटेगी।

भ्रष्ट जुमला पार्टी नाम से तैयार की गई चार्जशीट को कांग्रेस जनता के बीच लेकर पहुंचेगी, जिसमें सूट-बूट की लूट के तहत देश के 10 प्रतिशत अमीरों के पास देश की 64 प्रतिशत और 50 प्रतिशत आबादी के पास 6 प्रतिशत संपत्ति होना, किसानों की कर्ज माफी नहीं होकर अरबपतियों को 72 हजार करोड़ की कर्ज माफी, खास मित्रों को 30 प्रतिशत बंदरगाह, एयरपोर्ट, बिजली उत्पादन और कोयले की खदान देना समेत कई बिंदु शामिल हैं।

इसके अलावा मोदी की छवि चमकाने पर टैक्स पेयर का 10 हजार करोड़ का प्रचार पर खर्चा, 90 प्रतिशत गुप्त इलेक्टोरल बांड से भाजपा की सरकारी हफ्ता वसूली, पार्टी भाई-भतीजा जनता पार्टी बनी, जिसमें राजनीतिक घरानों के 20 मंत्री, 14 एमपी और 31 एमएलए शामिल हैं। इसके साथ ही रोजगार, भुखमरी समेत कई बिंदु इस चार्जशीट में रखे गए हैं। कांग्रेस इसी चार्जशीट में केंद्र सरकार को चीन के मामले में भी घेरते दिखाई देगी, जिसमें उन्होंने साफ लिखा है कि भारत की 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर चीन का कब्जा है। वहीं, हंगर इंडेक्स में पाकिस्तान से भी नीचे है।

राजस्थान में भी 26 जनवरी से कांग्रेस की ओर से हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। इस अभियान के जरिए राजस्थान में कांग्रेस कार्यकर्ता हर ब्लॉक पर हर मतदान बूथ तक पहुंचेंगे। इस अभियान के जरिए कांग्रेस पार्टी की ओर से आम जनता को घर-घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों की चार्जशीट, राहुल गांधी का आम जनता के लिए संदेश, राजस्थान सरकार के जनता के लिए किए गए कामों की सीट के साथ ही हर घर में राहुल गांधी की तस्वीर लगा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का स्टिकर लगेगा।

इस अभियान के लिए राजस्थान के प्रभारी बनाए गए आरसी खूंटियां भी अभियान के लिए जयपुर पहुंचेंगे, जो 26 जनवरी को अजमेर, 27 को भीलवाड़ा, 28 को चित्तौड़गढ़, 29 को उदयपुर और 30 जनवरी को राजसमंद में कार्यकर्ताओं के साथ हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा 27 जनवरी को अजमेर संभाग के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और आम जनता संवाद करेंगे। अगले दिन 28 जनवरी को राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा जयपुर संभाग के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। राजधानी जयपुर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत कांग्रेस नेता अर्चना शर्मा दोपहर 12:30 बजे मोती डूंगरी मंदिर से करेंगी।

## जवाबदेही के बिना योजनाएं लागू करना मुश्किल : रॉय

**जयपुर, (का.सं.)**। सूचना एवं रोज़गार अधिकार अभियान राजस्थान की ओर से शहीद स्मारक, पुलिस आयुक्त कार्यालय से सामने जयपुर में जवाब दो धरना आयोजित किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया और जवाबदेही कानून सहित अन्य मांगों को रखा। आज के धरने में राज्य के सभी 33 जिलों से विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े और आम जन ने हिस्सा लिया। आज के कार्यक्रम की शुरुआत ''उठ जाग प्रशासन भोर हुई, अब रैन कहाँ अब सोबत है'' से हुई।

राज्य में जवाबदेही कानून बनाये जाने को लेकर लम्बे समय से राज्य में आन्दोलन कर रहा है। सरकार की ओर से जो कानून का मसौदा जनता के बीच आया है वह बहुत ही कमजोर है। अभियान को विभिन्न लोगों से जो शिकायतें प्राप्त होती हैं, उनको राजस्थान संपर्क पर दर्ज करवाकर उनका निपटारा कैसे किया जाता है आदि भी देखा जिससे पता चलता है कि जवाबदेही कानून की सख्त आवश्यकता है. बिना कानूनी ढांचे के शिकायत निवारण की व्यवस्था का कोई खास मतलब नहीं है, हमारे पास इसके कई उदाहरण भी मौजूद हैं। धरने को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए प्रसिद्द सामाजिक कार्यकर्ता एवं रेमन मैग्सेसे पुरष्कार से सम्मानित अरुणा रॉय ने कहा कि केंद्र या राज्य सरकारें कितनी ही अच्छी योजनायें और कार्यक्रम बना लें यदि जवाबदेही की व्यवस्था नहीं होगी तो उन्हें लागू नहीं किया जा सकता है, इसलिए राज्य में तुरंत सशक्त जवाबदेही पास कर लागू किया जाये।

## प्रदेश में बुधवार को भी कोई नया संक्रमित नहीं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । प्रदेश में बुधवार को भी करोना संक्रमण का एक भी नया मरीज नहीं मिला है। इस बीच एक संक्रमित के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर चार रह गए हैं।

प्रदेश में लगातार दूसरे दिन भी बुधवार को किसी भी जिले में कोई भी नया संक्रमित सामने नहीं आया है। इससे पहले मंगलवार को भी कोई मरीज नहीं पाया गया था। इधर जयपुर में भी आज एक भी नया संक्रमित नहीं मिला है। जिले में फिलहाल एक एक्टिव केस है।

# होमगार्ड कल्याण कोष की राशि अन्य मदों में खर्च नहीं हो : हाईकोर्ट

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अंतरिम आदेश देते हुए कहा है कि प्रकरण के निस्तारण तक होमगार्ड कल्याण कोष में जमा राशि का उपयोग होमगार्ड के लिए ही किया जाए। इसके अलावा यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी पैसा अन्य गतिविधियों में खर्च नहीं हो। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश होमगार्ड समन्वय समिति की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी हजारों होमगार्ड के वेतन से प्रतिवर्ष राशि लेकर होमगार्ड कल्याण कोष बनाया गया है।

इसमें होमगार्ड और उसके परिवार के कल्याण के लिए दैनिक वेतन से दस फीसदी राशि का संग्रहण किया जाता है, लेकिन इस फंड की कोई ऑडिट नहीं की जाती। इस कोष में करोड़ों रुपए की राशि जमा हो चुकी है। वहीं होमगार्ड से जुडे आलाधिकारी भी नाममात्र का अंशदान कर इस फंड के सदस्य बन जाते हैं। वहीं फंड में जमा धनराशि का उपयोग होमगार्ड कल्याण के बजाए विभाग में फर्नीचर खरीद, कार पार्किंग के शेड निर्माण, और गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों आदि पर खर्च किया जा रहा है। इस राशि को होमगार्ड के प्रोविडेंट फंड में हस्तांतरित करने के लिए बाध्य होने के बावजूद भी सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं भविष्य निधि विभाग भी मान चुका है कि इसके लिए पिछले एक दशक से राज्य सरकार से पत्राचार किया जा रहा है। याचिका में कहा गया कि पीएफ में राशि जमा नहीं कराने पर दंड का प्रावधान है, लेकिन सरकार की ओर से यह राशि जमा नहीं कराई जा रही है। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने कहा है कि याचिका के लंबित रहने के दौरान इस कोष में जमा राशि का अन्य उपयोग नहीं किया जाए।

## दो साइबर ठग दिल्ली से पकड़े

**जयपुर** । सोडाला थाना पुलिस ने दो शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया हैं। डीसीपी (साउथ) योगेश गोयल ने शातिर ठग मनीष कुमार (22) निवासी सकरोरा जिला पटना हाल उत्तम नगर, नई दिल्ली और अमन कुमार (23) निवासी दीदारगंज जिला पटना हाल उत्तम नगर नई दिल्ली को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी विभिन्न बैंकों के क्रेडिट कार्ड धारकों का डाटा प्राप्त कर कार्ड धारकों से जरिये वॉकी-टॉकी से सम्पर्क स्थापित कर क्रेडिट कार्ड पर कैश बैक व खरीददारी करने पर 20 प्रतिशत का डिस्काउन्ट का झांसा देकर ठगी को अन्जाम देते है।

## नंदलाल मीणा ने परिश्रम से पार्टी को सींचा : पूनियां

**जयपुर (कासं)**। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने कहा कि पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नंदलाल मीणा ने मेवाड़-वागड़ में अपने परिश्रम से पार्टी को सींचा है। राजनीति में ईमानदार राजनेताओं में इनका नाम सबसे पहले लिया जाता है। पूनियां ने यह बात बुधवार को प्रतापगढ़ जिले के अंबा माताजी मंदिर में उपस्थित लोगों को कही। उन्होंने नंदलाल मीणा के 77वें जन्मदिवस पर केट कटवाकर बधाई दी और मार्गदर्शन-आशीर्वाद लिया। इस दौरान डॉ. पूनियां के साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सी.पी.जोशी, प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, पूर्व मंत्री धनसिंह रावत, विधायक हरेन्द्र निनामा, चंद्रभान आक्या, जिलाध्यक्ष गौतम दक, गोपाल कुमावत, जिला प्रमुख सुरेश धाकड़ भी मौजूद थे।

सतीश पूनियां ने कहा कि लगभग 1990 से राजनीति में हूं, 1992 में सबसे पहली बार में प्रतापगढ़ आना हुआ था और उस समय आदरणीय नंदलाल मीणा से मुलाकात हुई, 1993 मं जब मंत्रिमंडल बना तो नंदलाल मीणा समाज कल्याण मंत्री बने थे, उस समय भी इनसे मिलने आया था। तबसे लेकर आज तक नंदलाल मीणा की कार्यशैली को देख रहा हूं और इनसे बहुत कुछ सीखा। इनके कुशल व्यवहार के लिए नंदलाल मीणा का अभिनंदन करूंगा कि जिन्होंने अपने पसीने से, परिश्रम से इस क्षेत्र में पार्टी को सींचा है और पार्टी को कई बार सत्ता तक पहुंचाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पेपरलीक के मुद्दे पर धरना दे रहे डॉ. किरोड़ी की मंत्री राजेन्द्र यादव से वार्ता बेनतीजा रही

## इसके बाद सांसद किरोड़ीलाल पुन: धरने पर बैठे, केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान भी वहां पहुंचे

■ सुरेश ढाका को सरकार इसलिए नहीं पकड़ रही क्योंकि वह पकड़ा गया तो कई मंत्री, विधायक और सरकारी अधिकारियों का नाम उजागर कर देगा : डॉ. किरोड़ीलाल

■ ''अधिगम कोचिंग भगवती देवी के नाम पर रजिस्टर है, उनसे पूछताछ नहीं हुई। सुरेश ढाका के पिता मांगीलाल सरपंच से भी सरकार ने पूछताछ नहीं की, सिर्फ खानापूर्ति करके बड़े मगरमच्छों को बचाया जा रहा है।''



राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा बुधवार को लगातार दूसरे दिन जयपुर-आगरा रोड पर घाट की गूणी के पास धरने पर बैठे रहे। उनके साथ केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ और विधायक रामलाल शर्मा भी मौजूद थे।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । रीट के बाद शिक्षक भर्ती पेपरलीक का मामला गहलोत सरकार के गले की फांस बनता जा रहा है। राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा आगरा रोड पर घाट की गुणी के पास दूसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे। जहां उनके धरने में शामिल होने केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान भी पहुंचे। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, बीजेपी प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा और सैकड़ों समर्थकों के साथ डॉ. किरोड़ीमीणा डटे रहे। इसी बीच गहलोत सरकार के मंत्री राजेन्द्र यादव, पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव और अति. पुलिस कमिश्नर अजय पाल लाम्बा के साथ उनकी वार्ता हुई, लेकिन मांगों पर सहमति नहीं बनने के कारण इस वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला।

सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने साफ कहा कि राज्य सरकार पेपरलीक के मास्टरमाइंड सुरेश ढ़ाका और भूपेन्द्र सारण को पकड़ना ही नहीं चाहती है। जब हर पेपरलीक में सुरेश ढाका का नाम शामिल है तो फिर उसे बचा कौन रहा है। अधिगम कोचिंग की बिल्डिंग तो गिरा दी, लेकिन वह कोचिंग भगवती देवी के नाम पर रजिस्टर थी, फिर सरकार ने उनसे पूछताछ क्यों नहीं की।

इसके अलावा सुरेश ढाका के पिता मांगीलाल सरपंच से पूछताछ नहीं की गई। हकीकत तो यह है कि राज्य सरकार सुरेश ढाका को पकड़ना ही नहीं चाहती हैं, क्योंकि अगर वह पकड़ा गया तो सरकार के मंत्री, विधायक, सरकारी अधिकारियों का नाम उजागर कर देगा। इस पर मंत्री राजेंद्र यादव ने राज्य सरकार की तरफ से ठोस कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। जिस पर सांसद किरोड़ीलाल ने कहा कि सरकार के मंत्री और अफसर भी इस प्रकरण में शामिल है। ऐसे में आप कार्रवाई नहीं कर पाएंगे इस पर मंत्री राजेन्द्र यादव ने कहा कि यह बच्चों के हित का मामला है ऐसे में सरकार इसके प्रति सख्त है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सीएम साहब को अवगत करा कर तत्काल निर्णय लिया जाएगा।

सांसद मीणा ने कहा कि आए दिन पेपर लीक हो रहे हैं और बेरोजगारों के साथ अन्याय हो रहा है, लेकिन सरकार कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। वार्ता में मीणा ने कहा कि खानापूर्ति कर बड़े मगरमच्छों को बचाने का प्रयास कर रहे है। डॉक्टर मीना ने रीट, एसआई, जेईएन, कांस्टेबल , वरिष्ठ अध्यापक, आरएएस आदि दर्जनों परीक्षा के पेपर लीक पर बिंदुबार बात रखी। उन्होंने कहा कि एसओजी के भ्रष्ट अधिकारी मोहन पोसवाल पर अब तक कार्यवाही सरकार क्यों नहीं कर पा रही। अगर पोसवाल पर जल्द कार्यवाही नहीं की तो पैसे लेकर मुजरिमों को छोड़ने का खुलासा करूंगा।

उधर राज्य सरकार के मंत्री राजेन्द्र यादव के साथ हुई वार्ता से असंतुष्ट डॉ.किरोडी लाल पुन: धरना स्थल पर पहुंचे, वहां पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामलाल शर्मा व राजेन्द्र राठौड़ भी उनके साथ रहे। क़रीब शाम चार बजे केंद्रीय मंत्री भारत सरकार संजीव बालियान भी पहुँचे। इस मौक़े पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बेरोजगारों ने सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी करने लग गए।

## सार-समाचार

### रामाज् रिजॉर्ट पहुंची अभिनेत्री जयप्रदा



**जयपुर** । बॉलीवुड अभिनेत्री जयप्रदा ने बुधवार को जयपुर-टोंक रोड पर स्थित रामाज रिज़ॉर्ट पर विज़िट किया। हिंदी सिनेमा में बतौर सफल अभिनेत्री रही जयप्रदा ने रामाज़ रिजॉर्ट में चाय-नाश्ता किया और पूरा रिजॉर्ट घूमकर विजिट किया। मैनेजर पल्लब पाल और रेस्ट्रोरेंट के मैनेजर मोहन सिंह ने उनका स्वागत किया। जयप्रदा ने शेफ़ बुद्धिप्रकाश के हाथ की चाय का टेस्ट लिया। साथ ही सभी स्टाफ़ को अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरणा दी। ज्ञात रहे कि जयाप्रदा हिंदी सिनेमा की एक सफल हिरोइन रहीं है। उन्होंने कई सफल फिल्मों में काम किया है। वर्ष 1994 में जया ने अपने करीबी एन.टी.रामाराव के कहने पर तेलगू देशम पार्टी ज्वाइन की थी, लेकिन वे बाद में इसे छोड़कर यूपी चली गईं और समाजवादी पार्टी ज्वाइन करके यूपी के रामपुर से दो बार सांसद बनीं।

### गर्म स्वेटर वितरण अभियान जारी




**जयपुर** । ए.आर.वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा राजकीय विद्यालयों के 500 से अधिक कक्षा 1 से 6 तक के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क यूनिफार्म के गर्म स्वेटर वितरित किये गये। यह स्वेटर जयपुर के महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय 5 वीं आरए सी बटालियन दिल्ली बाईपास रोड जयपुर, राजकीय माध्यमिक विद्यालय जवाहर नगर कच्ची बस्ती जयपुर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाहरवाडा, रामगंज बाजार जयपुर के साथ-साथ कालीपलटन, टोंक के राजकीय बालिका विद्यालय की छात्रा-छात्राओं को भी वितरित किये गये। फाउण्डेशन के अध्यक्ष पूर्व आईएएस ए आर खान ने बताया कि गत 16 वर्षों से जयपुर, जोधपुर व टोंक जिलों के राजकीय स्कूल के गरीब छात्रों को स्कूल बेग, स्टेशनरी, यूनिफार्म के स्वेटर व खाद्य पदार्थ एवं उनी कंबलों का वितरण किया जाता है। साथ ही गरीब युवाओं के लिए स्वरोजगार हेतु नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण कोर्स फाउण्डेशन द्वारा नियमित रुप से चलाये जा रहे है। इन सभी सेवाओं के लिए किसी भी प्रकार की राजकीय वित्तीय सहायता नहीं ली जाती है जबकि वित्तीय संसाधन अपने स्वयं के स्तर से परिजनों व मित्रों के सहयोग से निजी तौर पर प्राप्त कर गरीब परिवारों को लाभान्वित किया जाता है।

### फिजिक्स के सिद्धान्त समझाए



**जयपुर** । जगतपुरा स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान में भौतिकी विभाग के द्वारा इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर राजस्थान चैप्टर के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय स्टूडेंट वर्कशॉप, लर्निंग फिजिक्स थ्रू सिमुलेशन एंड एक्सपेरीमेंट का 25 जनवरी को समापन हुआ। इस वर्कशॉप के अंतिम दिन मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.विपिन जैन, एसोसिएट प्रोफेसर जे.के.लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी ने अपने व्याख्यान से प्रतिभागियों को लाभवन्वित किया। उन्होंने इस सत्र में भौतिकी के प्रकाशिकी, सेमीकंडक्टर फिजिक्स तथा विद्युत चुम्बकत्व जैसे विषयों से संबधित मूलभूत सिद्धांतों को सरल प्रयोगों की सहायता से समझाया। कार्यक्रम के अंत में कोऑर्डिनेटर डॉ.मनस्वी दीक्षित ने इस प्रोग्राम का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। प्रोफेसर (डॉ.) ब्रजराज शर्मा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग ने स्टूडेंट वर्कशॉप का महत्त्व बताते हुए इसके सफल आयोजन के लिए समस्त आमंत्रित वक्ताओं तथा आयोजको को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम का संचालन भौतिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. कोमल शर्मा, डॉ. मनस्वी दीक्षित तथा राजीव कुमार ने किया इस स्टूडेंट वर्कशॉप में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### गणतंत्र दिवस पर पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई

**जयपुर** । गणतंत्र दिवस पर प्रदेशभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह को देखते हुए जयपुर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। गणतंत्र दिवस समारोह की सुरक्षा व्यवस्था व्यवस्था में कई आईपीएस और आरपीएस अधिकारियों के साथ ही सहित विभिन्न पुलिसकर्मियों के कंधों पर रहेगा। एडिशनल पुलिस कमिशनर लॉ एण्ड ऑर्डर कैलश चंद्र विश्नोई ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह की सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब एक हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए है। इसके साथ ही सादा वस्त्रों में इंटेलिजेंस के पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे। गणतंत्र दिवस पर संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के लिए स्टेडियम के बाहर और अंदर क्यूआरटी और ईआरटी टीम के कमांडो भी तैनात रहेंगे । आईबी का अलर्ट जारी होने के बाद गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर भी सुरक्षा व्यवस्थाओं को बढ़ा दिया है। इसके साथ ही जयपुर आने वाले तमाम हाईवे पर अलग -अलग स्थानों को चिन्हित कर पुलिस की चेक पोस्ट भी बनाई गई है। वहीं धर्मशालाओं और होटल्स में भी पुलिस का चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिसकर्मी वॉच टॉवर और ड्रोन कैमरों के साथ ही शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रख रहे है । किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस का अतिरिक्त जाप्ता भी तैनात किया गया है ।

### नर्सिंग कर्मियों में रोष व्याप्त

**जयपुर**। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में हाल ही में 6801 नर्सिंग ऑफिसर से सीनियर नर्सिंग ऑफिसर पद पर पदोन्नत किए गए नर्सिंग अधिकारियों को बिना किसी वित्तीय और प्रशासनिक लाभ के अपना घर परिवार छोड़कर बाहर जाना पड़ेगा। इससे नर्सिंग संवर्ग में रोष व्याप्त है। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस समय जब बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित नर्सिंग अधिकारियों को बिना किसी लाभ के मात्र पदोन्नित के नाम पर घर परिवार छोड़ना पड़ेगा। यह पदोन्नित के नाम पर उनके हितों के साथ के साथ कुठाराघात है। इस संदर्भ में आज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव व चिकित्सा और स्वास्थ्य सचिव को ज्ञापन दे कर वित्त विभाग द्वारा पद बढ़ाने या रिक्त पद होने तक उनको यथा स्थान पर ही रखने की मांग की गई है।

### विधायक की अनुमति से उद्घाटन

**जयपुर** । प्रदेश के राजकीय और गैर राजकीय कॉलेजों में अब छात्रसंघ कार्यालयों का उद्घाटन 10 फरवरी तक हो सकेंगे। इसके लिए कॉलेजों को विधायक की अनुमति लेनी होगी। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय ने आदेश में लिंगदोह समिति की सिफारिशों का भी उल्लेख किया है। एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री हुश्यार मीणा ने सरकार के इस आदेश का विरोध किया है। हुश्यार का कहना है कि उद्घाटन के लिए विधायक की अनुमति करके सरकार छात्र राजनीति को दबाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश के अधिकत्तर कॉलेजों में विद्यार्थी परिषद् के प्रत्याशी जीतकर आए है। ऐसे में सरकार उनके कार्यालयों के उद्घाटन पर रोक लगाना चाहती है।